


नवभारत 03
इंदौर, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025


## एक नजर में

### शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य कर्मचारी संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**आलीराजपुर।** राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष राजेश आर वाघेला के मार्गदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष शंकर हरवाल के नेतृत्व में कट्ठीवाड़ा तहसीलदार एवं प्रभारी खंडशिक्षा अधिकारी श्री सुनील डावर से मिला। जहां पर उपस्थित संघ प्रतिनिधि मंडल ने कट्ठीवाड़ा में व्याप्त समस्याओं के बारे में चर्चा कर ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से ष्ठ एरियर, क्रमोन्नति आदेश, क्रमोन्नति वेतन निर्धारण सहित अन्य समस्याएं बताई गई। जिस पर तहसीलदार डावर ने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व बीईओ शंकर जाटव, सचिव नारायण शिंदे, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत जादव, जिला उपाध्यक्ष ओ पी एस शंकरसिंह तोमर, पंकज प्रजापति, सरफराज मंसूरी, सैयद्दीन शेख, संतोष गुप्ता, छगनसिंह डावर, राकेश डावर आदि उपस्थित थे।

### डाइट में पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**आलीराजपुर।** राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट), मध्यप्रदेश के पत्र क्र. सीमेट/प्र.शि./2025/1547 भोपाल, दिनांक 07/11/2025 के आदेशानुसार शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) आलीराजपुर में पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित दो चरणों का 03-03 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 13-12-2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिनांक 08 दिसम्बर 2025 से 13 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी के कौशल और संवैधानिक मूल्यों एवं नागरिकता कौशल में सशक्त बनाना था। इस प्रशिक्षण में पी एम श्री विद्यालयों के 50 शिक्षक / शिक्षिकाओं द्वारा सहभागिता की गई। 21वीं सदी कौशल विषय के तहत शिक्षकों को आलोचनात्मक सोच रचनात्मकता सहयोग और संचार कौशल, जैसे कई महत्वपूर्ण कौशल से अवगत कराया गया, जो वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं संवैधानिक मूल्य एवं नागरिकता कौशल, क्खस्ह अधिनियम आदि के द्वारा शिक्षकों को छात्रों में संवैधानिक मूल्यों, सिद्धांतों और जिम्मेदार नागरिकता की भावना को विकसित करने के विभिन्न तरीकों पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और छात्रों में नागरिक मूल्यों के विकास के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल विकसित करने हेतु भी निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सुश्री निर्मला कलमे डिप्टी कलेक्टर, आलीराजपुर द्वारा पी एम श्री विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता विकसित करने और छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी के.सी. सिसोदिया डाइट, मास्टर ट्रेनर्स गरिमा शर्मा, आयुष हटीला, जयश्री गेहलोत, गोपालसिंह उपस्थित रहे। उक्त सभी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण समापन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की और आगामी भविष्य में इन कौशल को अपनी कक्षाओं में छात्रों के माध्यम से लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# श्री गौड़ी तीर्थ से चतुर्विध संघ के साथ प्रभु पार्श्वनाथ की पालकी यात्रा निकाली

▶ प्रभु पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन दिनभर चले धार्मिक आयोजन





**झाबुआ।** स्थानीय किशनपुरी स्थित श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थेन्द्र धाम पर प्रभु श्री पार्श्वनाथ भगवान के पंच कल्याणक महोत्सव के तीसरे और अति महत्वपूर्ण दिवस 14 दिसंबर, रविवार को भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर सुबह से लेकर रात तक धार्मिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी रहा। अट्ठम तप के तपस्वी और तीन दिन के एकासने के तपस्वी की तप आराधना प्रात: से ही गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थ पर आरंभ हो गई थी। सुबह 9 बजे से प्रभु श्री पार्श्वनाथ भगवान को सुंदर पालकी में विराजमान कर धार्मिक वरघोड़ा चर्तुविध संघ के साथ निकाला गया। जानकारी देते हुए श्री तीथेन्द सूरी समिति सदस्य संजयकुमार कांठी एवं महोत्सव समिति अध्यक्ष शुभम कोठारी ने बताया कि प्रभु पार्श्वनाथ भगवान के पंच कल्याणक के तृतीय दिवस परम् पूज्य ज्ञानप्रेमी मुनिराज श्री पुष्पेन्द्रविजयजी मसा 'पराग', मालवा रत्न मुनिराज श्री जीतचन्द्र विजयजी मसा एवं पपू सरलमना साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा साध्वी मंडल की पावनकारी निश्रा में श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थ से प्रभु की पालकी यात्रा आरंभ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। यह पालकी यात्रा बैंड-बाजों और गाजे-बाजों पर धार्मिक गीतों के साथ राजगढ़ नाका होते हुए पुन: श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थेन्द्र धाम पहुंची। जहां श्री संघ, आचार्य तीर्थेन्द्र सूरी समिति एवं श्री पार्श्व जन्म कल्याणक समिति ने प्रभु प्रतिमा के सम्मुख गहूली की एवं कुमकुम से साधु-साध्वी भगवंत की श्री संघ द्वारा भव्य आगवान की। मंगल प्रवचन में मुनिराज श्री पुष्पेन्द्र विजयजी मसा 'पराग' ने बताया कि पपू तीर्थ प्रेरक आचार्य देवेश श्रीमद् विजय ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी मसा की प्रेरणा से श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थ स्थापना से आज तक 25 वर्ष यानि रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाने का सुअवसर श्री गौड़ी पार्श्वनाथ तीर्थ पर श्री संघ को मिल रहा है।

**महोत्सव के चौथे दिन भी होंगे धार्मिक आयोजन**-आचार्य तीर्थेन्द्र सूरी समिति के अनिल राठौर एवं महोत्सव समिति सचिव निखिल सेठिया ने बताया कि पांच दिवसीय महोत्सव के चौथे दिन प्रभु का दीक्षा कल्याणक साधु-साध्वी भगवंतों की पावनकारी निश्रा में श्री संघ सदस्यों द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें तपस्वियों के एकासने, गुरूदेव की अष्टप्रकारी पूजन के साथ कई धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन समिति ने समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने हेतु अपील की है।

### दिनभर हुए कई धार्मिक आयोजन

प्रभु पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक साधु-साध्वी भगवंतों के सानिध्य एवं श्री संघ की उपस्थिति में समाजजनों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष में दिनभर कई धार्मिक आयोजन हुए। दोपहर में श्री संघ की ओर से साधर्मी वात्सल्य का आयोजन रखा गया। तपस्वियों के एकासने जीवनबाला पोरवाल परिवार की ओर से हुए। दोपहर में प्रभु श्री पार्श्वनाथजी की पंच कल्याण पूजन का आयोजन हुआ। यह पूजन श्री हेमेन्द्र सूरी महिला मंडल ने पढ़ाई। पूजन का लाभ स्व. श्रीमती चंद्रकांता नगीनलाल कांठी की स्मृति संजयकुमार कांठी परिवार ने लिया। रात्रि में प्रभु भक्ति का आयोजन रखा गया। जिसमें लक्की-ड्रा में टीवीएस स्कूटी एवं चांदी के सिक्के लाभार्थी परिवार लविका, वर्षा, शुभम कांकरिया परिवार जोधपुर की ओर से प्रदान किए गए।

### इन मंदिरों में भी हुए आयोजन

श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याण महोत्सव के उपलक्ष में श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में प्रात:काल प्रभु पार्श्वनाथ भगवान की अष्टप्रकारी पूजन, केसर पूजन एवं भगवान की आरती और आयबिल की आराधना का आयोजन हुआ। दिलीप गेट स्थित महावीर बाग पर पार्श्वनाथ भगवान की पंच कल्याण पूजन कर आरती की गई। दादावाड़ी गणधर मंदिर में भगवान की अष्टप्रकारी पूजन एवं आरती की गई। श्री देवझिरी जैन तीर्थ पर प्रभु की अष्टप्रकारी पूजन एवं आरती का आयोजन रखा गया। श्री विघ्नहरा विहार धाम फूलमाल पर प्रभु पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक कर प्रभावना एवं लड्डू वितरण किया गया।

# चिराग फाउंडेशन की ओर से सभी जोड़ों को दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट

▶ चिराग फाउंडेशन द्वारा 7वां समूह निकाह का हुआ आयोजन, सैकड़ों की संख्या में समाजजन रहे उपस्थित



**झाबुआ।** चिराग फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष मुस्लिम समाज का 7वां समूह निकाह का आयोजन, रविवार दोपहर 2 बजे से स्थानीय पैलेस गार्डन पर किया गया। जिसमें विवाह योग्य 6 युवक-युवतियों का मोलाना द्वारा निकाह की रस्म अता करवाकर आयोजक संस्था की ओर से दैनिक उपयोगी सामग्री परिवारजनों को भेंट की गई। उक्त आयोजन में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

अतिथि के रूप में सदर सोहेब लाला बांसवाड़ा (राजस्थान), हाजी एजाज पठान अंजुमन, रोशन सफ़र वक्फ दाहोद एवं शाहिद खान पठान दाहोद (गुजरात) के साथ मोलाना गुलाम नबी साहब एवं मोलाना रीजवान साहब जामा मस्जिद झाबुआ, मोलाना सद्दाम हुसैन साहब नूरी मस्जिद इमाम, हाजी नोमान सद्दाम नूरी मस्जिद एवं मोलाना वली एहमद साहब झाबुआ मंचासीन रहे। वहीं सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर, वार्ड क्र. 2 पार्षद करीम शेख एवं वार्ड क्र. 3 पार्षद गोलू कुरैशी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं से चिराग फाउंडेशन के पदाधिकारी-सदस्यों में अफरोज मकरानी, कामिल हुसैन, गोलू गुलरेज कुरैशी, मुस्लिम पंचायत के शहर सदर कुतुबुद्दीन शेख आदि ने पुष्पमालाओं से किया। चिराग फाउंडेशन की ओर से अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। सामूहिक निकाह में मौके पर सदर सोहेब लाला बांसवाड़ा (राजस्थान) ने फरमाया कि चिराग फाउंडेशन के माध्यम से निधन परिवार के आज 6 जोड़े निकाह कबूल रहे है, उनको मैं दिली मुबारकबाद देता हूं। साथ ही चिराग फाउंडेशन का भी इस्तकबाल करता हूं, जिन्होंने निधन परिवार के जोड़ों का निकाह करवाकर अत्यंत ही शबाब का काम किया है। इस दौरान हाजी एजाज पठान अंजुमन, रोशन सफ़र वक्फ दाहोद एवं शाहिद खान पठान दाहोद (गुजरात) आदि ने निकाह कबलूने वाले सभी जोड़ों को दिली मुबारक दी और चिरांग फाउंडेशन द्वारा वर्षभर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की सराहना की।

सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने बताया कि नव-युगलों का विवाह करवाकर उन्हें पवित्र बंधन में बांधना अत्यंत ही पुण्य का कार्य है। जिसका पूरा व्यय चिराग फाउंडेशन उठाता आया है। चिराग फाउंडेशन का यह 7वां सफल आयोजन है, जो काबिले तारिफ और प्रसंशनीय है। चिराग फाउंडेशन के अफरोज मकरानी एवं कामिल हुसैन ने बताया कि बाहर से आए दुल्हा-दुल्हन और उनके परिवारजनों के ठहरने, भोजन, चाय-नाशते आदि की व्यवस्था भी चिराग फाउंडेशन द्वारा की गई। दुल्हा-दुल्हन का के निकाह की रस्म मोलाना द्वारा रस्मो-रिवाज से पूर्ण करवाई गई और सभी जोड़ों तथा परिवारजनों को मुबारकबाद पेश की।

### त्रिलोकीनाथ पार्श्वनाथ परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया

**मेघनगर।** त्रिलोकीनाथ, करुणा निधान परमात्मा श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव पौष वदी 10 के शुभ दिन हर्षोल्लास के साथ भक्तों द्वारा मनाया गया। श्री शान्ति सुमतिनाथ मंदिर में आज के शुभ दिन प्रात: शुभ बेला में परमात्मा के पक्षाल एवं प्रथम पूजन का लाभ श्रीमती स्नेहलता मनोहरलालजी कावड़िया परिवार द्वारा लिया गया वही दोपहर में श्री पार्श्वनाथ पंच कल्याणक पूजन का लाभ श्रीमती मुन्नीबाई भगवानलालजी बोहरा परिवार द्वारा लिया गया, आज इस शुभ अवसर पर, श्री शान्ति सुमतिनाथ एवं श्री गौडी पार्श्वनाथ मंदिर में परमात्मा का पुष्प से श्रृंगार भी किया गया। परमात्मा के जन्म कल्याणक के अवसर पर श्री मोहनखेड़ा यात्रिक धर्मशाला पर सकल श्रीसंघ के स्वामीवात्सलय का आयोजन भी किया गया जिसका लाभ श्रीमती वीणादेवी पूरणमलजी, श्री सुरेशचंद्रजी, राजेशजी जैन परिवार ने लिया।

# दशा नेमा वणिक समाज की बैठक : समाज की एकजुटता पर बल दिया

▶ नीमा समाज अध्यक्ष मनीष कोठारी के व्यावसायिक प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन किया



**झाबुआ।** अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज की राजस्थान जोन की तृतीय बैठक, जिसमें राजस्थान, मप्र एवं गुजरात की पंचायतों के संयुक्त समूह की वृहद बैठक 14 दिसंबर, रविवार सुबह 10 बजे से नीमा समाज मांगलिक भवन पर आयोजित हुई।

जानकारी देते हुए दशा नेमा समाज अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं सचिव राकेश शाह ने बताया कि बैठक में नेमा पंचायतों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। जिसमें गुजरात के झालोद, फतेहपुरा, संतरामपुर, मप्र के मंदसोर, सीतामऊ, झाबुआ एवं राजस्थान के बांसवाड़ा, सागवाड़ा, सलुम्बर, उदयपुर के समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से अल्पाहार बाद 11 बजे से बैठक आरंभ हुई। जिसमें मंचासीन अतिथियों में निमेष मेहता अध्यक्ष, राजस्थान जोन एवं पदेन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुबोध मालोत राष्ट्रीय सह-सचिव, प्रभात शाह, कोषाध्यक्ष राजस्थान जोन, कृष्णकांत शाह अध्यक्ष संतरामपुर गुजरात, महेश शाह फतेहपुर गुजरात, रामकृष्ण वाड़ेल सागवाड़ा राजस्थान, तुहीन मालोत उदयपुर राजस्थान, मौलिक शाह फतेहपुर गुजरात के साथ संजय गुप्ता, विनय तलवड़िया, शैलेन्द्र मेहता, प्रशीत नीमा, मनीष मेहता, मनोज शाह, विभा चंचावय, मयूर मदेमा, नीमा समाज झाबुआ अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं महिला मंडल अध्यक्ष संगीता शाह मंचासीन रहे। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा नेमा समाज की कुलदेवी सर्व मंगलाजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पामाला एवं पुष्प गुच्छ से तीन राज्यों के अलग-अलग स्थानों से आए पदाधिकारी-सदस्यों एवं प्रतिनिनिधियों ने किया। स्वागत उद्बोधन नीमा समाज झाबुआ अध्यक्ष मनीष कोठारी ने दिया। सभी अतिथियों एवं पधारे सभी आंगतुकों का समाज का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

**समाज की एकजुटता पर बल दिया गया**- मुख्य वक्ता के रूप में निमेष मेहता अध्यक्ष, राजस्थान जोन एवं पदेन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अपने समाजहित में अपने अमूल्य विचार व्यक्त किए और सभी सामाजिक प्रस्तावों का वाचन सुबोधन मालोद राष्ट्रीय सह-सचिव ने किया। सभी अतिथियों एवं पधारे बंधुओं को अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज की पुस्तक एवं ब्रोशर तथा आवश्यक सामग्रीयां भेंट की गई। नीमा समाज महिला मंडल अध्यक्ष संगीता शाह ने समाज की एकजुटता पर बल दिया।

**विवाह समारोह एवं अन्य आयोजनों में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने पर चर्चा**- बैठक में समाज के सादगीपूर्ण सामूहिक विवाह, दहेज एवं अनावश्यक खर्च पर रोक लगाने, वार्षिक नेमा सामूहिक विवाह महोत्सव का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की। सभी आयोजनों में प्रदर्शन घटाने का सभी ने संकल्प लेते हुए मान से बड़ा मातृत्व-पितृत्व अभियान चलाने पर चर्चा की। बैठक में समाज में वरिष्ठजनों के सम्मान की परंपरा सुदृढ़ करने के साथ नेमा यूथ लीडरशिप फोरम, कॅरियर, व्यवसाय वेबिनार, स्कॉलरशीप एवं स्टार्टअप सहायता, समाज की शिक्षा एवं संस्कृति, नेमा समाज इतिहास एवं वंशावली का डिजिटल रिकॉर्ड, वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज सेवा, नेमा सेवा कोष का गठन, गौसेवा, अनाज बैंक, रक्तदाता समूह, सहकारी समितियों का गठन, नेमा सेवा मित्र एवं जरूरतमंद और वृद्धजन सहायता पर गहन मंथन-चिंतन किया गया।

#### महिला परिषद् की सक्रियता एवं नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा

सभी पंचायतों का समन्वय एवं वार्षिक रिपोर्ट बनाकर समीक्षा की गई। महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए नेमा महिला परिषद् को सक्रियता, कौशल प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा हेल्प ग्रुप, नशा मुक्ति अभियान, युवाओं में नशा उन्मूलन, व्यसन एवं कर्ज समस्याओं पर आवश्यक परामर्श दिया गया। सभी ने एक परिवार-एक संकल्प पर जोर देते हुए डिजिटल नेमा समाज अंतर्गत आधिकारिक वेबसाइट, ऐप एवं डिजिटल डेटा बैंक पर जोर दिया।

# गोवंश के हत्यारों के मकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### कई मकान किए ध्वस्त अपराधियों को भेजा जेल



**मेघनगर** .. विगत दिनों मेघनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत सजेली नानिया साथ मे बड़ी मात्रा में गोमांस तीन गायों का वध कर 100 से अधिक गायों की खाल का बड़ा जखीरा पकड़ा था।

वन विभाग के घने जंगल में चल रहा अवैध व्यापार का 6 दिसंबर शनिवार को मुखबिर की सूचना पर खुलासा हुआ। शनिवार से लेकर प्रतिदिन सामाजिक धार्मिक राजनीतिक हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि द्वारा उक्त घटना की निंदा कर घटना स्थल पर पहुंचकर विरोध किया पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपीयों की धरपकड़ कर न्यायालय मे पेश किया जहा न्यायालय ने आरोपीयो को जेल भेज दिया प्रतिदिन हो रहै विरोध के चलते जांच के दौरान वन विभाग के जंगल में चल रहे अवैध व्यापार के स्थान पर आरोपीयों का अवैध रुप से अतिक्रमण था अतिक्रमण कर व्यापार चलाया जा रहा था रविवार 14 दिसम्बर को वन विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर वजिया रुपा रमेश रुपा मागु रुपा मुकेश दलिया तानसिग दलिया नन्सु दलिया वालचंद कालिया भावचंद कालिया फुलचन्द के मकानों को ध्वस्त कर अन्य जगहों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया इधर पुलिस ने अपराध क्रमांक 2872025 के तहत प्रकरण गोवंश अधिनियम 4.5.9 व 25 आमसेक्ट के तहत मुकेश पुजा, सुखराम डामोर, चेनसिह डामोर मगंलिया डामोर, दिनेश डामोर जेमा बबेरीया पारु भुरीया प्रभु भाभोर जानु नाना डामोर के खिलाफ नाम जद प्रक्रण दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज कर अज्ञात लोग के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना कर रही है।






# सरस्वती शिशु मंदिर में बाल सृष्टि व वार्षिकोत्सव का आयोजन

**आलीराजपुर।** सरस्वती शिशु मन्दिर उ. मा. वि. दशहरा मैदान पर बाल सृष्टि व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती धार के विभाग समन्वयक श्री अंबिका दत्त जी कुंडल, विशेष अतिथि श्री अनीश जी जैन, श्री राघवेंद्र जी राठौड़ रहे।

कार्यक्रम मे विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता जी शाह, सचिव श्री संयम जी जैन, कोषाध्यक्ष श्री प्रतीक जी राठौड़, सचिव श्री रोमिल जी जैन, सह सचिव श्री संयम जी गुप्ता, जोबट प्रधानाचार्य विनोद जी माली, सेवाक्षेत्र की शिक्षा के प्रान्त संयोजक दिनेश जी वर्मा उपस्थित रहे। अतिथियो ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य बलिराम जी बिल्लौरे एवं अतिथि स्वागत विद्यालय की बहनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय सचिव श्री रोमिल जी जैन ने रखी जिन्होंने विद्यालय और बाल सृष्टि के बारे में बताया। पश्चात अतिथियो ने भैया बहनो व पालक गणो को सम्बोधित किया।

अतिथि उद्बोधन के पश्चात अतिथियों द्वारा विषय कक्षा का अवलोकन किया गया जिसमें भैया - बहनों द्वारा मॉडल एवं चार्ट की प्रदर्शनी लगाई गई ओर साथ ही अर्द्ध वार्षिक पाठ्यक्रम में से पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दिए गए। बाल सृष्टि के चलते भैया बहनों द्वारा लगातार नृत्य चलता रहा। अहिल्याबाई होलकर पर आधारित नाटक का मंचन भैया बहनों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन क्रमश: पवन जी दीक्षित, अलका दीदी वाघेला, शर्मिला दीदी राणावत ने किया, आभार विद्यालय कोषाध्यक्ष प्रतिक जी राठौर ने माना

एक नजर ▶ भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

# पौष 10मीं पर हुए विभिन्न आयोजन, भगवान पार्श्वनाथ की शोभायात्रा निकाली



**पारा। रविवार को पौष दशमी पर नगर जैन समाज मे विभिन्न आयोजन किये गए। अभा श्री राजेन्द्र परिषद की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र पगरिया ने बताया कि अल सुबह सारी धार्मिक क्रिया कलाप जिसमे अभिषेक का लाभ आशीष व्होरा परिवार, केशर पूजन नगीनलाल छाजेड, पुष्प पूजन कनकमल कोठारी परिवार ने लिया।**

तरुण परिषद द्वारा गुरु मंदिर मे पार्श्वनाथ भगवान के चित्र आकर्षक फूलो और अक्षत से सजाकर जन्मोत्सव की गहुली बनाई गई। प्रात: साढ़े नौ बजे बैंड बाजे के साथ पार्श्वनाथ भगवान की शोभा यात्रा निकालीं गईं जिसमे भगवान चित्र के सम्मुख समाज के हर घर से गहुलीया की गई। शोभायात्रा में पार्श्व प्रभु के जयकारे लगाए गए। मुख्य मार्ग स्थित श्री राजेन्द्र सूरी गुरु ज्ञान मंदिर में धर्म सभा का आयोजन हुआ जिसमें राजेन्द्र कोठारी ने सामूहिक चैत्यवन्दन करवाया। पारा श्रीसंघ अध्यक्ष प्रकाश तलेसरा भगवान पार्श्व के सम्बंध में जानकारियां बताई। सुरेशजी कोठारी ने बताया कि सभी 24 तीर्थंकरों में भगवान पार्श्व ने सबसे कम उपसर्ग (कष्ट) सहे। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड ने पौष दसमी आयोजन के साथ वर्तमान आचार्य के आगामी कार्यक्रमो के बारे में बताया। राजेंद्र कोठारी ने पुण्य सम्राट के नवनिर्मित मंदिर की जल्द ही प्रतिष्ठा करवाने की भावना प्रकट की। छोटे बच्चों वीर, वीरा, शाश्वत, आरिशा, क्रिया ने भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक पर अपनी प्रस्तुतियां दी। आशीष आर कोठारी ने कहा कि 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ और 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी एक ही देव लोक में थे। भगवान पार्श्व ने सभी तीर्थंकर प्रभुओं के पूर्व तथा आगामी मिलाकर 500 कल्याणकों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। भगवान पार्श्व 108 अलग नामो से जाने जाते हैं। इतना ही नही भगवान पार्श्वनाथ न केवल जैन बल्कि कई समाजो में अलग अलग नामो से पूजनिय हैं। कोठारी ने बताया कि नौ स्मरण में सातवां स्मरण भक्तामर स्त्रोत जहां प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव को समर्पित है वहीं आठवां स्मरण भगवान यंत्र भी है और मंत्र भी। कल्याण मंदिर स्त्रोत जो भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है उसकी रचना सिद्ध सेन दिवाकर आचार्य ने की थी।

### ▶ प्रभु पार्श्वनाथ पुरुषादानीय क्यों कहलाए?

23 वे तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ प्रभु भारत भर में जहाँ-जहाँ जैन मंदिर हैं।
वहाँ-वहाँ उनके शांत, कृपालु, मुक्तिदायी स्वरूप की प्रतिमा अवश्य दिख जाएगी।
चौबीस तीर्थंकरों में सबसे अधिक मूलनायक, सबसे अधिक मंदिर, सबसे अधिक नाम, सबसे अधिक भक्ति-पुजन
सर्वत्र पार्श्व प्रभु का प्रभाव बताया हैं। पार्श्व प्रभु के एक सौ आठ नामो के एक हजार से भी अधिक मंदिर पूरे भारत भर में हैं।
कार्यक्रम का संचालन श्रीसंघ के अध्यक्ष प्रकाश तलेसरा ने किया।
आयोजन के आखिर में आरती का लाभ राकेश कोठारी, मंगल दिवो नरेंद्र व्होरा परिवार ने लिया। परिषद की और से प्रभावना वितरित की गई। समाज के रिंकु छाजेड़ ने बताया कि पौष दसमी पर
सुबह का स्वामी वात्सल्य आदिनाथ- शंखेश्वर- जयंत ग्रुप की ओर से हुआ।
शाम की स्वामी भक्ति स्व. सागरबाई वालचंद्रजी काकरिया परिवार की और से अयोजित की गई। दोनो लाभार्थितो का समाज की ओर से बहुमान किया गया।
दोपहर को महिला परिषद द्वारा पार्श्वनाथ भगवान की पूजन पढ़ाई गई।
रात्रि मे महिलाओ की चोवीसी हुई।